**प्रेस नोट**

**जनपद अम्बेडकरनगर**

**दिनांक- 19.11.2023**

**जनपद अम्बेडकरनगर कोतवाली अकबरपुर पुलिस व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कोतवाली अकबरपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 608/23 धारा 302/201 भादवि0 से सम्बन्धित वांछित/प्रकाश में आए दो नफर अभियुक्तगणों को किया गिरफ्तार, कब्जे से आलाकत्ल बरामद।**

घटना के बारे में उल्लेखनीय है कि दिनांक 20.10.2023 को थाना को0 अकबरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रतनपुर हाईवे के पास एक अज्ञात शव प्राप्त हुआ था। जिसके सम्बन्ध में थाना को0 अकबरपुर पर मु0अ0सं0 608/23 धारा 302/201 भादवि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। तत्पश्चात आमजन व आस-पास के व्यक्तियों से पूछताछ करने के उपरान्त शव की शिनाख्त हेमन्त पाण्डेय पुत्र स्व0 राजाराम पाण्डेय निवासी ग्राम महुअल थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर के रुप में हुई। उपरोक्त घटना क्रम के सफल अनावरण हेतु श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये थे।

आज दिनांक 19.11.2023 को कोतवाली अकबरपुर पुलिस व स्वाट् की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0 608/23 धारा 302/201 भादवि0 से सम्बन्धित विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त प्रकाश में आये अभियुक्तगण 01.ज्ञान प्रकाश पाण्डेय उर्फ सोनू पुत्र दुर्गविजय पाण्डेय उम्र करीब 23 वर्ष नि0 ग्राम सिकन्दरपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर 02.तेजस्व कुमार पाण्डेय पुत्र कैशल कुमार पाण्डेय उम्र करीब 23 वर्ष नि0 सिकन्दरपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मालीपुर रोड सिझौली पुल के नीचे से घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाईकिल UP45AF8611 के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों की निशानदेही पर मालीपुर रोड इस्माइलपुरगंज ढलवा मार्ग के पुलिया के पास झाड़ियों से आलाकत्ल लोहा का कड़ा व मृतक का एक अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया।

**पूछताछ विवरण-** गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पुलिस पूछताछ में बताया की हम लोग मृतक के साथ मिलकर शराब पी रहे थे तत्समय हमारी मृतक हेमन्त पाण्डेय से किसी बात को लेकर कहासुनी/मारपीट हो गयी। इसी बात को लेकर मृतक को सबक सिखाने व अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए हम लोगों नें मृतक हेमन्त पाण्डेय की उपरोक्त बरामद आलाकत्ल से मारकर हत्या कर दी।

**विवरण बरामदगी –**

1.एक अदद कड़ा लोहे का (आलाकत्ल)

2.एक अदद मोबाइल फोन (मृतक का)

3.एक अदद मोटरसाईकिल UP45AF8611 (घटना में प्रयुक्त वाहन)

**गिरफ्तारी का स्थान –**

मालीपुर रोड सिझौली पुल के नीचे थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर

**विवरण गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.ज्ञान प्रकाश पाण्डेय उर्फ सोनू पुत्र दुर्गविजय पाण्डेय नि0 ग्राम सिकन्दरपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर

2.तेजस्व कुमार पाण्डेय पुत्र कैशल कुमार पाण्डेय नि0 सिकन्दरपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर

**विवरण अपराधिक इतिहास (ज्ञान प्रकाश पाण्डेय उर्फ सोनू)-**

1.मु0अ0सं0 92/21 धारा 323/504/506/452 भा0द0वि0 थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर

2. मु0अ0सं0 608/23 धारा 302/201 भादवि0 कोतवाली अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर

**विवरण अपराधिक इतिहास (तेजस्व कुमार पाण्डेय)-**

1.मु0अ0सं0 61/27 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर

2. मु0अ0सं0 608/23 धारा 302/201 भादवि0 कोतवाली अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर

**विवरण गिरफ्तारकर्ता—**

1.प्रभारी निरीक्षक बीरेन्द्र बहादुर सिहं मय फोर्स थाना को0 अकबरपुर

2.उ0नि0 अजय कुमार मय टीम (प्रभारी स्वाट टीम मय टीम के)